## सार-समाचार

### सत्यापन के लिए नया विकल्प

**उदयपुर**, 27 मई। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थी अब संबंधित पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा ओटीपी के माध्यम से भी सत्यापन करवा सकंगे। वार्षिक सत्यापन करवाने के लिये वर्तमान में ई-मित्र केन्द्र अथवा ई-मित्र कियोस्क बायोमेट्रिक के माध्यम से, एंड्रॉयड मोबाइल एप फेस रिकॉग्निशन अथवा बायोमेट्रिक के माध्यम के साथ यह नया विकल्प उपलब्ध करा गया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने बताया कि कुछ पेंशनर्स के अंगुलियों के निशान नहीं आने या उनका चेहरा आधार पोर्टल से सत्यापित नहीं हो रहा या उनके आधार के साथ मोबाइल नंबर नहीं जुड़ा होने से ओटीपी प्राप्त नहीं होने से वार्षिक सत्यापन का कार्य नहीं हो पा रहा था। इन समस्याओं के समाधान हेतु एक नया प्रावधान पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी को उपलब्ध कराया गया है जिसके अनुसार ऐसे पेंशन संबंधित पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी के कार्यालय में स्वयं के दस्तावेजों-पीपीओ, जनाधार, आधार आदि के साथ व्यक्तिश उपस्थित होकर अपना सत्यापन करवा सकते है। पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी के मोबाइल पर ओटीपी द्वारा एवं दस्तावेजों के आधार पर सत्यापन कर सकेंगे। समस्त सामाजिक सुरक्षा पेशनर्स जिन्होंने सत्यापन नहीं करवाया है वो पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी (ग्रामीण क्षेत्र में विकास अधिकारी एवं शहरी क्षेत्र में उपखंड अधिकारी) के कार्यालय में दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना वार्षिक सत्यापन पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। सत्यापन के अभाव में आगामी माह से पेंशन भुगतान रुक सकता है।

### मसाला मेला का किया अवलोकन

**उदयपुर**, 27 मई । मुख्य सचिव सुधांश पंत ने जयपुर स्थित जवाहर कला केंद्र में आयोजित राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला का अवलोकन किया। उन्होंने मेले में राजस्थान सहित अन्य राज्यों की ओर से लगाई स्टॉल्स पर पहुंचकर प्रदर्शित उत्पादों का जायजा लिया और सहकारिता विभाग और राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ के अधिकारियों की हौसला अफजाई की। मेले में उदयपुर सहकारी थोक भंडार की स्टॉल्स पर काफी देर रूककर उन्होंने गरम मसाले ड्राईफ्रूट, ओग्रेनिक उत्पाद, झाड़ोल की तुअर दाल, आंवला के विभिन्न उत्पाद, कोटाफार्मी गेहू, तानसेन चावल आदि उत्पादों की जानकारी ली और सराहना की। उदयपुर भंडार के एडिशनल रजिस्ट्रार आशुतोष भट्ट ने मेले में प्रदर्शित उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में बताया और भण्डार की गतिविधियों एवं कार्यकलापों से अवगत करायमुख्य सचिव ने मेले में कॉनफेड, केरल, तमिलनाडु, पंजाब, तिलम संघ, जयपुर डेयरी, कोटा भंडार सहित विभिन्न स्टॉल्स का निरीक्षण किया और सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से बातचीत कर उत्पादों की जानकारी और मेले का फीडबैक लिया। श्री पंत ने विजिट के दौरान सहकार मसाला मेले की सराहना करते हुये आयोजन पर संतोष व्यक्त किया। सहकारिता विभाग और उपभोक्ता संघ के संयुक्त तत्वावधान में मेले का आयोजन 19 से 28 मई 2024 तक जवाहर कला केंद्र में किया जा रहा है।

### चंगेडी तथा फतहनगर का किया दौरा

**उदयपुर**, 27 मई। भीषण गर्मी के दृष्टिगत मावली के उपखण्ड अधिकारी मनसुख राम डामोर ने उपखण्ड क्षेत्र के चंगेडी तथा फतहनगर का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी ने घरों में जाकर व्यक्तियों से पेयजल आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली तथा पेयजल विभाग के अधिकारियों को फील्ड में रहकर पेयजल का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने तथा अवैध रूप से बूस्टर लगाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके बाद उपखण्ड अधिकारी ने सनवाड़ रीको एरीया के पेयजल विभाग के कुएं पर पहुंचे तथा ट्रेक्टर से पेयजल परिवहन किये जाने के रिकॉर्ड की जांच की तथा अधिकारियों को मॉनिटिरिंग के निर्देश प्रदान किये। साथ ही उपखण्ड क्षेत्र मावली में आगामी दिनों में पेयजल पर प्रभावी मॉनिटिरिंग को ध्यान में रखते हुए जल जीवन मिशन के समस्त कार्मिक की बैठक ली। बैठक में पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा आमजन की शिकायत आने पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कनिष्ठ अभियंता फतहनगर एस.के. तांवर तथा जल जीवन मिशन के मानदेय कार्मिक उपस्थित रहे।

### आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर**, 27 मई। गोगुन्दा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान बाइक सवार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक पिस्टमल मय दो जिंदा कारतूस जब्त किए। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निद्रेश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान गोगुंदा थानाधिकारी शैतानसिंह मय टीम ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर मोकेला से जसवंतगढ रोड़ पर संदिग्ध व्यक्ति होने की सूचना पर9 मौके पर पहुंच कर एक व्यक्ति को पकडा जिसने अपना नाम रूस्तम उर्फ लाला पुत्र मो. हुसैन उर्फ पप्पु निवासी बासलीया ईसवाल बडगांव होना बताया। जिसकी तलाशी ली तो उसके पास एक देशी पिस्टल मय दो जिंदा कारतुस मिले। पूछताछ में संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर हथियार जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपी रूस्तम खान उर्फ लाला पूर्व में भुताला निवासी शंकर सिंह राजपूत हत्याकाण्ड का मुख्य आरोपी है ।

### बंद पड़े फव्वारे देख उखड़े उपमहापौर

**उदयपुर**, 27 मई।नगर निगम उप महापौर पारस सिंघवी सोमवार को प्रातः गुलाब के दौरे पर रहे जहां पर उन्होंने कई समय से बंद पड़े फव्वारे को देख गहरी नाराजगी व्यक्त की, साथ ही संबंधित ठेकेदार के भूलतान से 15 हजार रुपए काटने के निर्देश दिए।नगर निगम उप महापौर एवं स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष पारस सिंघवी सोमवार प्रातः गुलाबबाग का आकस्मिक निरीक्षण पर पहुंचे, जहां उन्हें संज्ञान में आया कि गुलाबबाग के फव्वारे कई दिनों से बंद पड़े हुए हैं। इस पर उन्होंने रोष जताते हुए संबंधित अधिकारी से चर्चा कर जानकारी प्राप्त की। जानकारी में आया कि ठेकेदार द्वारा लंबे समय से लापरवाई बरती जा रही है इस पर सिंघवी ने लहरवाही पूर्वक कार्य करने पर ठेकेदार की बिल राशि से 15 रुपए काट तुरंत फव्वारे ठीक करवाने के निर्देश दिए।

### डॉ सक्का ने तैयार की सोने की तीन टी-20 वर्ल्ड कप ट्राफी

**उदयपुर**, 27 मई। भारत के हर क्रिकेट प्रेमी की दिली ख्वाहिश है कि वेस्टइंडीज व अमेरिका की मेजबानी में होने जा रहे 1 जून 2024 से आईसीसी टी 20 क्रिकेट वर्ल्डकप के आयोजित में सुपर टीम के रूप में भारत जीत दर्ज कर टी-20 ट्रॉफी हासिल हो जिसे पुरा विश्व देखे और डॉ. सक्का द्वारा निर्मित विश्व के सबसे हल्की वह छोटी सोने की तीनों ट्राफियां भारत में ही रहे। इसी सपने और जोश जुनून जज्बे के साथ उदयपुर के अंतराष्ट्रीय स्वर्ण शिल्पी विश्व रिकॉर्ड होल्डर डॉ. इकबाल सक्का ने सोने की चार मिलीमीटर साइज की तीन विश्व कप टी-20 प्रतिरूप तैयार के हैं जिनका वजन 0.500 मिलीग्राम सोने के हैं। कलाकृतियों को बनाने में 7 दिन का समय लगा, जिसमें विकेट बाल स्टैंड स्पष्ट लेंस की मदद से देखे जा सकते हैं। क्रिकेट मैदान में सजी मीना युक्त वर्ल्डकप विजेता टीम के देश को और दूसरी ट्रॉफी सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाडी व तीसरी ट्रॉफी सबसे अधिक विकेट लेने वाले खिलाडी को विश्व की सबसे छोटी ट्रॉफी भारत सरकार की तरफ से भेंट करना चाहते हैं इसके लिए सक्का ने देश के प्रधानमंत्री व खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं भारतीय क्रिकेट बोर्ड को पत्र लिखकर अवगत किया है।


**Rajasthan Government**
**Office of Superintendent**
**Lt.Shri Khemraj Katara Govt. Satellite Hospital Hiran Magri Associated with RNT Medical College Udaipur.**
Email ID-supt.sec6.udp@RAJASTHAN.GOV.IN
Ph. 02943500391/92
No/Accounts/tender/2024-25/798 Date:-27-05-2024
**Notice Inviting Bid No.01/2024-24(Emergency Tender)**
Bids for Equipments are invited from interested bidders upto Date 30-05-2024 Time:-10:30 Am other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan, gov. in/http://sppp.raj.nic. in) of the state.
UBN-MCU2425GSRL00001
**Medical Superintendent**
**Lt.Shri Khemraj Katara Govt. Satelite Hospital Hiran Magri Udaipur.**


# संभागीय आयुक्त और कलेक्टर ने किया एमबी अस्पताल का निरीक्षण

## भीषण गर्मी के मद्देनजर अस्पतालों में मरीजों के लिए बेहतर व्यवस्थाओं को लेकर सरकार और प्रशासन कटिबद्ध

- हॉस्पीटल में पेयजल, कुलिंग और सफाई व्यवस्था का लिया जायजा
- लू-तापाघात के संभावित मरीजों की चिकित्सा व्यवस्था की भी ली टोह
- हीटवेव के संभावित मरीजों के लिए मेडिकल इमरजेंसी में 10 तथा पीडियाट्रिक में 5 बेड आरक्षित कर रखे हैं

**उदयपुर**, 27 मई। भीषण गर्मी के मद्देनजर अस्पतालों में मरीजों के लिए बेहतर व्यवस्थाओं को लेकर सरकार और प्रशासन कटिबद्ध है। राज्य सरकार के निर्देश पर प्रशासन की ओर से अस्पतालों में आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की टोह ली जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट और जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने महाराणा भूपाल अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। साथ ही राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी के तहत प्रबंधन की बैठक लेते हुए मरीजों को हरसंभव राहत पहुंचाने के लिए पाबंद किया।

संभागीय आयुक्त भट्ट और जिला कलक्टर पोसवाल सोमवार सुबह करीब 11 बजे एमबी अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने एमबी अस्पताल मुख्य परिसर व आपातकालीन इकाई सहित जनाना अस्पताल व बाल चिकित्सालय का दौरा किया। उन्होंने प्रत्येक वार्ड में घूम कर निरीक्षण किया। वार्डों में पंखे-कूलर और एससी की व्यवस्थाएं देखी। मरीजों और परिजनों से संवाद किया। उन्होंने वार्डों में पेयजल व्यवस्था का भी जायजा लिया। अस्पताल प्रबंधन को मरीजों के लिए बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं रखने के निर्देश दिए। साथ ही हीटवेव के संभावित मरीजों को लेकर किए गए प्रबंधों की भी जानकारी ली।

संभागीय आयुक्त भट्ट ने अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा शुभ्रासिंह के निर्देश पर आरएमआरएस के तहत अस्पताल प्रबंधन की बैठक ली। इसमें अस्पतालों में पेयजल, बिजली, दवाओं आदि की व्यवस्था पर चर्चा की। एमबी अस्पताल के अधीक्षक डॉ आर एल सुमन ने बताया कि मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल परिसर में 180 एयरकंडीशनर और 203 कूलर लगा रखें हैं तथा सभी चालू कंडीशन में हैं। पेयजल की भी पर्याप्त व्यवस्था है, बिजली भी फिलहाल सुचारू है। हीटवेव के संभावित मरीजों के लिए मेडिकल इमरजेंसी में 10 तथा पीडियाट्रिक में 5 बेड आरक्षित कर रखे हैं तथा आवश्यकतानुसार तत्काल बढ़ा दिए जाएंगे। उपचार के लिए दवाइयों के जरूरी किट भी तैयार हैं। इसके अलावा परिजनों के बैठने के लिए पार्क में 30'30 का टेण्ट मय कारपेट लगवाया है तथा वहां पेयजल और कूलर की भी व्यवस्था की गई है। संभागीय आयुक्त ने अवगत कराया कि आचार संहिता के चलते नए प्रस्ताव नहीं लिए जा सकते, लेकिन उच्चाधिकारियों ने भीषण गर्मी के चलते चुनाव आयोग से विशेष अनुमति प्राप्त की है। आरएमआरएस के तहत मरीजों के लिए आवश्यक संसाधन क्रय करने की प्रक्रिया की जा सकती है। बैठक में अतिरिक्त प्राचार्य आरएनटी डॉ विजय मुखर्जी सहित सुपरस्पेशलिटी अस्पताल, जनाना अस्पताल, बाल चिकित्सालय, बड़ी चिकित्सालय, सेटेलाइट हॉस्पीटल अंबामाला व हिरण मगरी के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## पंडित जवाहरलाल नेहरु जी की पुण्यतिथि मनाई

**उदयपुर**। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्नपंडित जवाहरलाल नेहरु की पुण्यतिथि सोमवार को उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने बताया कि विचार गोष्ठी में उदयपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ताराचंद मीणा ने उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से कहा कि आज विश्व में हमारे देश का लोकतंत्र सबसे मजबूत है और वो पंडित जवाहरलाल नेहरु जी की ही देन है। 1947 मैं जब पंडित नेहरू जी के नेतृत्व में कांग्रेस की पहली सरकार बनी थी उस समय देश के हालात किसी से छुपे हुए नही थे।

उस समय आजाद भारत में एक सुई भी नहीं बनती थी। विकास की कोई योजना नही थी। ऐसे समय मे देश का विकास करना और लोकतंत्र को जिंदा रखने का काम पंडित नेहरू जी ने किया। देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू नेएक दूरदर्शी राजनेता के रूप में देश में राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक भवन की नींव रखी। गोष्ठी में उदयपुर शहर के पूर्व विधायक त्रिलोक पूर्बिया, प्रदेश कांग्रेस सदस्य राम लाल गायरी, उदयपुर देहात जिला कांग्रेस महासचिव डॉ महेश त्रिपाठी, लक्ष्मीनारायण मेघवाल, भूपेंद्र चौहान, उदयपुर शहर जिला कांग्रेस महासचिव दिनेश दवे,दिनेश औदिच्य, उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अन्य पिछडा वर्ग अध्यक्ष कमलेश पटेल, लोकेश मीणा भी उपस्थित रहे।

## लेकसिटी 45 डिग्री पार, कई सालों बाद गर्मी का ऐसा 'टेरेर'

- उदयपुर में अप्रेल में जो तापमान दिन का रहता है वह इन दिनों रात का
- रिकॉर्ड तोड़ गर्मी तापमान पहुंचा 45.4 डिग्री पर, चौराहों पर लगे टेंट
- चार से पांच दिन रहेगी अभी गर्मी, नौ तपा पूरी तरह से तपा रहा
- मौसम में बदलाव के संकेत आगामी पांच दिनों बाद 2 जून तक संभव होगा।

**उदयपुर**, 27 मई। लेकसिटी के मौसम में इतनी गर्माहट कई सालों बाद दिखाई दी है। अमूमन गर्मी में तापमान 44 डिग्री तक जाता है लेकिन इस बार हीट वेव ने गर्मी के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए है। कई सालों बाद शहर का तापमान 45 डिग्री से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। गर्मी की गर्माहट का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अमूमन उदयपुर शहर अप्रेल माह में जो तापमान दिन में रहता है उतना तापमान तो रात में दर्ज किया जा रहा है। फिलहाल, नौ तपा का यह तीसरा दिन है ऐसे में गर्मी का रोद्र रूप अभी जारी रहेगा।

लेकसिटी में सोमवार का शहर का अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। इस गर्मी के सीजन का सबसे गर्म दिन होने के साथ ही गर्मी नए रिकॉर्ड बना रही है। शहर का अधिकतम तापमान अममून पूरे समर सीजन में 44 डिग्री से अधिक नहीं जाता है लेकिन इस बार आठ से दस साल बाद यह तापमान 45 डिग्री को पार कर गया। न्यूनतम तापमान की बात करें तो रातों में भी गर्माहट इतनी दिखाई दे रही है कि अमूमन अप्रेल में शहर का दिन का तापमान 30 से 32 डिग्रीं रहता है वहीं इन दिनों रात का पारा है। हीट वेव से बढ़ी गर्मी के साथ ही पूरा सप्ताह भीषण गर्मी की चपेट में रहा है। बीते छह दिनों से तापमान 43 डिग्री से ऊपर रिकॉर्ड किया जा रहा है।

गत मंगलवार 21 मई को तापमान 43 डिग्री को छू गया था। 23 मई को और गर्माहट के साथ यह 44.2 डिग्री पर चला गया और आंशिक कमी के साथ ही यह 44 डिग्री के इर्द-गिर्द ही घूमता रहा। आज अधिकतम तापमान में डेढ डिग्री की बढोतरी हुई है वहीं रात के तापमान में भी इतनी ही वृद्धि के साथ यह 28.6 डिग्री से 30 डिग्री पर जा पहुंचा।

इधर, भीषण गर्मी को देखते हुए शहर के चौराहों पर वाहनधारियों के लिए टेंट लगाए गए है ताकि रेड लाइट के समय रूकने वाले वाहनधारियों को गर्मी में हल्की राहत महसूस हो सके। नौ तपा इस बार प्रदेश व शहर का पूरी तरह से तपा रहा है। ऐसे में मौसम में बदलाव के संकेत आगामी पांच दिनों बाद 2 जून तक संभव होगा।

### मैग्नस अस्पताल के विरुद्ध सर्वसमाज का प्रदर्शन

**उदयपुर**,27 मई । मैग्नस अस्पताल की लापरवाही से एक बच्चे की आंखों की रौशनी चले जाने और प्रशासन द्वारा अब तक कोई कार्यवाही नहीं करने से आक्रोशित सर्व समाज ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर कलक्टर को ज्ञापन देते हुए अस्पताल के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की पीड़ित बच्चे के पिता एडवोकेट योगेश जोशी ने बताया कि दो माह पहले इस संबंध में पहले पुलिस अधीक्षक को रिपोर्ट दी, एसपी ने कमेटी बना कार्रवाई का आश्वासन दिया था लेकिन सुखेर थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत के पास कई बार जाने के बाद भी अभी तक कार्रवाई नहीं की गई। इसी से क्षुब्ध होकर सोमवार को योगेश जोशी के समर्थन में सर्वसमाज जनों ने कलेक्ट्री पर प्रदर्शन करते हुए मैग्नेस हॉस्पीटल के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन देने वालों में बार जनरल सेकेट्री योगेश शर्मा, मयूरध्वज सिंह, पंकज तंबोली, भरत जोशी, धीरज माली, अजय आचार्य, अभिषेक कोठारी, अविनाश चंदेला, भावेश जैन, अनिल धाभाई मौजूद रहे। ज्ञापन देने के बाद आक्रोशित वकील मैग्नेस हॉस्पीटल भी पहुंचे और दोषी चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई व हॉस्पीटल पर लापरवाही का आरोप लगाते हंगामा किया। हॉस्पीटल परिसर में हंगामा को देख मौके पर संबंधित थाना पुलिस भी पहुंची।

### चुंडावत ने प्राप्त किए 100 में से सौ अंक

**उदयपुर**,27 मई। उदयपुर के चंद्रपाल सिंह चुंडावत अपने बीसीसीआई के नेशनल क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित ओ लेवल क्रिकेट कोचिंग परीक्षा में से 100 में से 100० अंक प्राप्त कर उदयपुर शहर का नाम रोशन किया है। उदयपुर जिला क्रिकेट संघ के प्रवक्ता आर. चंद्र ने बताया कि झीलों की नगरी उदयपुर के रणजी ट्रॉफी खिलाडी चंद्रपाल सिंह चुंडावत ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के नेशनल क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित क्रिकेट कोचिंग परीक्षा में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों में से श्रेष्ठ प्रदर्शन कर 10०प्रतिशत अंक प्राप्त कर ओ लेवल एग्जाम में प्रथम स्थान प्राप्त कर लेवल वन के लिए योग्यता हासिल की है। जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मनोज भटनागर,सचिव महेंद्र शर्मा सहित सभी पदाधिकारी एवं खिलाडियों ने चंद्रपाल को बधाई देते हुए उनके शुभकामनाएं प्रेषित की । उल्लेखनीय है कि चंद्रपाल का पूर्व नेशनल क्रिकेट अकादमी बैटिंग में भी चयन हुआ है, वह राजस्थान के लिए अंडर-15,अंडर-17,अंडर-19 रणजी ट्रॉफी तथा मुश्ताक अली ट्रॉफी आदि प्रतियोगिताओं में राजस्थान का प्रतिनिधित्व भी किया है।

### वृद्धा के गले से मंगलसूत्र चोरी

**उदयपुर**, 27 मई। सिटी बस में सवार वृद्धा के गले से अज्ञात चोर मंगल सूत्र चुरा ले गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित सुखलाल पुत्र पन्नालाल लोढा निवासी गायत्री नगर हिरणमगरी सेक्टर 13 ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मेरी पत्नी सुशीला (75) गत 5 जनवरी 2024 को चेतक सर्कल से सिटी बस में बैठ घर आने के लिए रवाना हुई। जहां घर पहुंचने पर गले में मंगल सूत्र नहीं होने पर तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।


